Central Armed Police Forces (ACs)
Examination, 2026

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : TARP–A–GAT** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

क्रम संख्या **1152369**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 250**

### अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note*** **: English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

**1.** 'SB 64' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* यह एक लंबी दूरी का अंतरमहाद्वीपीय प्रक्षेपास्त्र (इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल) है, जिसे परमाणु वॉरहेड से लैस किया जा सकता है।

*(b)* यह एक पनडुब्बी थी, जिसे हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य में ध्वस्त कर दिया गया था।

*(c)* यह 64 कंपनियों का एक अनौपचारिक समूह है, जो केवल पर्यावरणीय रूप से संधारणीय ब्रांडों के विनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

*(d)* यह वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक सलाह हेतु सहायक निकाय और जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के कार्यान्वयन हेतु सहायक निकाय के चौंसठवें सत्र को संदर्भित करता है।

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. नवीकरणीय ऊर्जा सांख्यिकी 2026 के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में, विश्व में भारत का तीसरा स्थान है।
2. वैश्विक स्तर पर स्थापित पवन-चालित टरबाइन क्षमता के संदर्भ में विश्व में भारत का चौथा स्थान है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**3.** रघु राय, हाल ही में जिनका निधन हुआ, कौन थे?

*(a)* एक शिक्षाविद्

*(b)* एक खिलाड़ी

*(c)* एक प्रतिष्ठित फोटोग्राफर

*(d)* एक रंगमंच व्यक्तित्व

**4.** ओल चिकी लिपि (Ol Chiki script) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. भारत सरकार ने हाल ही में इस लिपि के विकास का दो सौ वर्ष पूर्ति समारोह मनाया है।
2. इस लिपि का प्रयोग संथाली भाषा के लिए किया गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**5.** ब्लैक स्वान (Black Swan) शिखर सम्मेलन भारत, 2026 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. संयुक्त रूप से इसका आयोजन ओडिशा सरकार और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दोनों राज्यों का ए० आइ० और फिनटेक (FinTech) केन्द्रों के रूप में संयुक्त रूप से संवर्धन के लिए किया गया था।
2. भारतनेत्र पहल के अंतर्गत इसका आयोजन किया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र 3 और 4 रूसी फेडरेशन के सहयोग से भारत में स्थापित किए जा रहे हैं।
2. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र 5 और 6 यू० एस० ए० के सहयोग से भारत में स्थापित किए जा रहे हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

1. Which one of the following statements about 'SB 64' is correct?

(a) It is a long-range intercontinental ballistic missile that could be armed with nuclear warhead.

(b) It was a submarine destroyed in the Strait of Hormuz recently.

(c) It is an informal group of 64 companies committed to manufacturing only environmentally sustainable brands.

(d) It refers to the sixty-fourth session of the Subsidiary Body for Scientific and Technological Advice and the Subsidiary Body for Implementation of the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC).

2. Which of the following statements is/are correct?

1. As per the Renewable Energy Statistics, 2026, India ranks third globally in Renewable Energy Installed Capacity.

2. India ranks fourth globally in terms of Global Installed Wind Turbine Capacity.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

3. Raghu Rai, who passed away recently, was

(a) an educationist

(b) a sports person

(c) an eminent photographer

(d) a theatre personality

4. Which of the following statements about Ol Chiki script is/are correct?

1. The Government of India recently celebrated two hundred years of the development of this script.

2. This script has been used for the Santhali language.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

5. Which of the following statements about the Black Swan Summit India, 2026 is/are correct?

1. It was jointly organized by the Government of Odisha and the Government of Andhra Pradesh for jointly promoting the two States as AI and FinTech hubs.

2. It was organized under the BharatNetra Initiative.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

6. Which of the following statements is/are correct?

1. Kudankulam Nuclear Power Plant 3 and 4 are being set up in India in cooperation with the Russian Federation.

2. Kudankulam Nuclear Power Plant 5 and 6 are being set up in India in cooperation with the USA.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**7.** भारत में बदलाव के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास (SHANTI) अधिनियम, 2025 किस कार्य/किन कार्यों को करने के लिए केन्द्र सरकार से प्राप्त अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के अधीन निजी क्षेत्र को भागीदारी की अनुमति देता है?

1. संयंत्र प्रचालन
2. विद्युत् उत्पादन
3. उपस्कर विनिर्माण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**8.** ऑनलाइन गेमिंग का संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्रीय सरकार ई-खेलों (ई-स्पोर्ट्स) को, भारत में प्रतिस्पर्धी खेलों के विधिसम्मत रूप में, अभिकरण और प्राधिकरण द्वारा, जैसी भी स्थिति हो, मान्यता देने तथा पंजीकृत करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।
2. केन्द्रीय सरकार मनोरंजन और शैक्षिक प्रयोजनों के लिए ऑनलाइन सोशल गेमों के विकास और उपलब्धता को सुकर बनाएगी।
3. यह अधिनियम 'ऑनलाइन मनी गेम' और 'ऑनलाइन मनी गेमिंग सर्विसेस' का प्रतिषेध करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* केवल 3

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. LAMITIYE–2026 भारत और सेशेल्स के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास था।
2. DUSTLIK भारत और अज़रबैजान के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास था।
3. Cyclone–IV भारत और इज़राइल के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**10.** Mundial do Queijo do Brasil 2026 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. यह पनीर (चीज़) और डेरी उत्पादों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता थी।
2. इस प्रतियोगिता में चार भारतीय उत्पादों ने पदक जीते।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**7.** The Sustainable Harnessing and Advancement of Nuclear Energy for Transforming India (SHANTI) Act, 2025 allows private sector participation, under a license from the Central Government, to undertake which of the following?

1. Plant operations
2. Power generation
3. Equipment manufacturing

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**8.** Consider the following statements with reference to the Promotion and Regulation of Online Gaming Act, 2025 :

1. The Central Government shall take necessary steps to recognize and register e-sports with the agency and authority, as the case may be, as a legitimate form of competitive sports in India.
2. The Central Government shall facilitate the development and availability of online social games for recreational and educational purposes.
3. This Act prohibits 'online money game' and 'online money gaming services'.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 3 only

**9.** Which of the following statements is/are correct?

1. LAMITIYE–2026 was a joint military exercise between India and Seychelles.
2. DUSTLIK was a joint military exercise between India and Azerbaijan.
3. Cyclone–IV was a joint military exercise between India and Israel.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**10.** Which of the following statements with regard to Mundial do Queijo do Brasil 2026 is/are correct?

1. It was an international competition for cheese and dairy products.
2. Four Indian products won medals at the competition.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**11.** वर्ष 2025 में प्रवर्तित किए गए भारत के श्रम सुधारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 पुनःकौशल निधि का प्रवर्तन करती है, जिसके अंतर्गत किसी औद्योगिक स्थापना के छँटनी किए गए प्रत्येक श्रमिक के लिए छँटनी क्षतिपूर्ति के अतिरिक्त 15 दिनों की मजदूरी के बराबर राशि का योगदान देना होगा और इसे छँटनी के 45 दिनों के भीतर श्रमिक के खाते में जमा करना होगा।
2. ट्रेड यूनियन की मान्यता के संबंध में, 41% की सदस्यता वाले किसी भी यूनियन को वार्ताकारी (नेगोशिएटिंग) यूनियन के रूप में मान्यता मिलेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**12.** किसी अर्थव्यवस्था के श्रम बाज़ार के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. श्रम बल भागीदारी दर को कुल कामकाजी आयु वर्ग की जनसंख्या में नियोजित और अनियोजित कामगारों के हिस्से के रूप में परिभाषित किया जाता है।
2. कामगार जनसंख्या अनुपात को कुल कामकाजी आयु वर्ग की जनसंख्या में अनियोजित कामगारों के हिस्से के रूप में परिभाषित किया जाता है।
3. किसी व्यक्ति के सामान्य क्रियाकलाप की स्थिति का निर्धारण, सर्वेक्षण की तिथि से पूर्व विगत 365 दिनों की विनिर्दिष्ट संदर्भ अवधि के दौरान व्यक्ति द्वारा किए गए क्रियाकलापों के आधार पर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**13.** 'ऑरेंज इकोनॉमी' पद का आशय क्या है?

*(a)* रचनात्मकता, संस्कृति और बौद्धिक संपदा से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ, जो आय और रोजगार का सृजन करती हैं

*(b)* मरुस्थल पारिस्थितिक तंत्र और उनकी अनूठी सामाजिक पर्यावरणीय विशेषताओं से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ

*(c)* वृद्ध होती जनसंख्या (aging population) से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ, जिनमें वृद्धजन हेतु स्वास्थ्य देखभाल, विश्राम, और सेवाएँ सम्मिलित हैं

*(d)* अनौपचारिक, बेहिसाबी, अथवा अवैध आर्थिक गतिविधियाँ, जो कराधान और विनियमन का अपवंचन करती हैं

**14.** वैश्विक स्तर पर निम्नलिखित में से किस मद/किन मदों के उत्पादन में भारत का प्रथम स्थान है?

1. दूध
2. इस्पात
3. गेहूँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* केवल 2

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व, COP-26 में प्रस्तुत की गई भारत की जलवायु कार्रवाई के 'पंचामृत' का भाग **नहीं** है?

*(a)* वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत हासिल करना

*(b)* वर्ष 2047 तक नेट शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना

*(c)* वर्ष 2005 के स्तर की अपेक्षा वर्ष 2030 तक अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना

*(d)* वर्ष 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाना

**11.** Consider the following statements about India's labour reforms introduced in 2025 :

1. The Industrial Relations Code, 2020 introduces Re-skilling Fund by an industrial establishment which is equal to 15 days wages for every worker retrenched in addition to the retrenchment compensation, and has to be credited in the worker's account within 45 days of retrenchment.
2. With respect to Trade Union Recognition, any union with 41% membership shall get recognition as the Negotiating Union.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 only
*(c)* Both 1 and 2
*(d)* Neither 1 nor 2

**12.** In the context of labour market of an economy, consider the following statements :

1. Labour Force Participation Rate is defined as the share of employed and unemployed workers to the total working-age population.
2. Worker Population Ratio is defined as the share of unemployed workers to the total working-age population.
3. The usual activity status of a person is determined on the basis of the activities pursued by the person during the specified reference period of the last 365 days preceding the date of survey.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**13.** What does the term 'Orange Economy' refer to?

*(a)* Economic activities linked to creativity, culture and intellectual property that generate income and jobs
*(b)* Economic activities linked to desert ecosystems and their unique socio-environmental characteristics
*(c)* Economic activities linked to the aging population, including health care, leisure, and services for older adults
*(d)* Informal, unaccounted, or illegal economic activities that evade taxation and regulation

**14.** India stands at number one at global level in the production of which of the following items?

1. Milk
2. Steel
3. Wheat

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 1, 2 and 3
*(c)* 1 only
*(d)* 2 only

**15.** Which one among the following elements is ***not*** a part of the 'Panchamrit' of India's climate action presented at COP-26?

*(a)* Achieving 50 percent of its energy requirements from renewable energy by 2030
*(b)* Achieving the target of net zero emissions by 2047
*(c)* Reduction of the carbon intensity of the economy by 45 percent by 2030, over the 2005 levels
*(d)* Reduction of total projected carbon emissions by one billion tonnes by 2030

**16.** उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका उद्देश्य भारत की GDP में, विनिर्माण क्षेत्र के हिस्से को 25% तक बढ़ाना और विश्व की अग्रणी औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बनाना है।
2. यह योजना आधार वर्ष के बाद पाँच वर्षों की अवधि के लिए वृद्धिशील बिक्री पर 10% से 14% का प्रोत्साहन देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**17.** वैश्विक नवोन्मेषी सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका आरम्भ वर्ष 2007 में किया गया था।
2. भारत वर्ष 2015 के 81वें स्थान से वर्ष 2025 में 38वें स्थान पर पहुँचा।
3. वैश्विक नवोन्मेषी सूचकांक रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, निम्न मध्य आय वर्ग की श्रेणी में भारत, बांग्लादेश और इंडोनेशिया तीन शीर्ष नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएँ हैं।
4. वैश्विक नवोन्मेषी सूचकांक रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, उच्च आय वर्ग की श्रेणी में फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका तीन शीर्ष नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**18.** किसी विदेशी कंपनी द्वारा किसी अर्थव्यवस्था में किए जाने वाले निम्नलिखित निवेशों पर विचार कीजिए :

1. किसी परिवहन कंपनी का स्वामित्व क्रय करना
2. परिवहन उपकरण के उत्पादन के लिए एक नई कंपनी स्थापित करना
3. किसी सार्वजनिक क्षेत्र यूनिट का अधिग्रहण करना
4. उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए भंडारण केन्द्र का निर्माण करना

उपर्युक्त में से कौन-से ब्राउनफील्ड निवेशों के उदाहरण हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**19.** अर्थोपाय अग्रिमों (WMA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. WMA एक प्रावधान है, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों और केन्द्र सरकार को दीर्घावधि ऋण (loan) उपलब्ध करवाता है।
2. WMA एक प्रावधान है, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों और केन्द्र सरकार को अल्पावधि ऋण (loan) उपलब्ध करवाता है।
3. WMA वर्ष 1997 में प्रवर्तित किया गया था।
4. WMA पर RBI द्वारा प्रभारित ब्याज दर, बैंक दर के समान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* 1, 3 और 4

**16.** Consider the following statements about the Production Linked Incentive (PLI) scheme :

1. It aims to increase the share of manufacturing sector in India's GDP to 25% and claims its place among the world's leading industrial economies.
2. The scheme extends an incentive of 10% to 14% on incremental sales for a period of five years subsequent to the base year.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**17.** Consider the following statements about the Global Innovation Index :

1. It was launched in 2007.
2. India has moved up from 81st rank in 2015 to 38th rank in 2025.
3. India, Bangladesh and Indonesia are the top three innovation economies in the category of Lower Middle Income Group as per the Global Innovation Index Report, 2025.
4. France, Germany and the United States of America are the top three innovation economies in the category of High Income Group as per the Global Innovation Index Report, 2025.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 and 4

**18.** Consider the following investments in an economy by a foreign company :

1. Purchase of the ownership of a transport company
2. Setting up a new company to produce transport equipment
3. Acquisition of a Public Sector Unit
4. Building a storage facility to expand the production capacity

Which of the above are examples of brownfield investments?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2, 3 and 4

**19.** Consider the following statements about Ways and Means Advances (WMA) :

1. WMA is a provision in which the Reserve Bank of India provides long-term loans to the State Governments/UT Governments and Central Government.
2. WMA is a provision in which the Reserve Bank of India provides short-term loans to the State Governments/UT Governments and Central Government.
3. WMA was introduced in 1997.
4. Interest rate charged by the RBI on WMA is the same as the bank rate.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* 1, 3 and 4

**20.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (RBI की ब्याज दर प्रणाली) | सूची–II (प्रवर्तन का वर्ष) |
|---|---|
| A. निधि-आधारित उधार दर की सीमांत लागत | 1. 2003 |
| B. आधार दर | 2. 2019 |
| C. बाह्य बेंचमार्क उधार दर (External Benchmark Lending Rate) | 3. 2016 |
| D. बेंचमार्क मूल उधार दर (Benchmark Prime Lending Rate) | 4. 2010 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 1 | 4 | 2 | 3 |
| *(d)* | 1 | 2 | 4 | 3 |

**21.** विशेष आहरण सुविधा (SDF) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह सरकारी प्रतिभूतियों के बदले राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों को RBI द्वारा अल्पावधि ऋणों (loans) का प्रावधान करता है।
2. RBI द्वारा इस पर प्रभारित ब्याज दर, रेपो दर के समान होती है।
3. राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों द्वारा इसका उपयोग केवल अर्थोपाय अग्रिमों की सामान्य सीमा की समाप्ति के पश्चात् ही किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**22.** नीति (NITI) आयोग द्वारा प्रकाशित सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर वर्ष 2023–24 के आँकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय स्कोर की अपेक्षा, निम्नलिखित में से किस राज्य का SDGs स्कोर निम्न है?

*(a)* महाराष्ट्र

*(b)* राजस्थान

*(c)* गुजरात

*(d)* तेलंगाना

**23.** केन्द्रीय बजट, 2026–27 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्र सरकार का सकल कर राजस्व, GDP का 11·2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
2. केन्द्र सरकार का प्रत्यक्ष कर राजस्व, उसके अप्रत्यक्ष कर राजस्व से कम है।
3. प्रभावी पूँजीगत व्यय, पूँजीगत व्यय से कम है।
4. व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयात की जाने वाली सभी कर-योग्य सामग्रियों पर शुल्क (टैरिफ) दर को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 4

*(d)* 1 और 4

**20.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Interest Rate System of the RBI)* | *List–II (Year of Introduction)* |
|---|---|
| A. Marginal Cost of Funds-based Lending Rate | 1. 2003 |
| B. Base Rate | 2. 2019 |
| C. External Benchmark Lending Rate | 3. 2016 |
| D. Benchmark Prime Lending Rate | 4. 2010 |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 1 | 4 | 2 | 3 |
| *(d)* | 1 | 2 | 4 | 3 |

**21.** Consider the following statements about the Special Drawing Facility (SDF) :

1. It makes provision of short-term loans by the RBI to the State Governments/UT Governments against Government Securities.
2. Interest rate charged by the RBI on it is the same as Repo Rate.
3. It can be availed by the State Governments/UT Governments only after exhausting the normal Ways and Means Advances limit.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 and 3 only

**22.** As per the 2023–24 data on the Sustainable Development Goals (SDGs) published by the NITI Aayog, which one of the following States has a lower value of SDGs score than the all-India score?

*(a)* Maharashtra

*(b)* Rajasthan

*(c)* Gujarat

*(d)* Telangana

**23.** Consider the following statements in the context of the Union Budget, 2026–27 :

1. The Gross Tax Revenue of the Central Government is estimated to be 11·2 percent of the GDP.
2. The Direct Tax Revenue of the Central Government is less than its Indirect Tax Revenue.
3. The Effective Capital Expenditure is lower than the Capital Expenditure.
4. The tariff rate on all dutiable goods imported for personal use will be reduced from 20 percent to 10 percent.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 4 only

*(d)* 1 and 4

**24.** एक प्रमुख सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुधार के रूप में नकदी प्रबंधन को बेहतर बनाने, अप्रयुक्त जमा रकम को घटाने, पारदर्शिता को बढ़ाने और व्यय दक्षता को सुदृढ़ करने के लिए, भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली अपनाई गई है?

*(a)* कागज़-आधारित समाशोधन प्रणाली (Paper-Based Clearing System)

*(b)* विकेन्द्रीकृत लेखा प्रबंधन प्रणाली (Decentralized Account Management System)

*(c)* ठीक समय पर निधि निर्मोचन प्रणाली (Just-in-Time Fund Release System)

*(d)* आस्ति प्रबंधन और ट्रैकिंग प्रणाली (Asset Management and Tracking System)

**25.** देशभर में PDS लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की दक्षता को बढ़ाने के लिए 'अन्न चक्र' PDS आपूर्ति शृंखला अनुकूलन भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई एक पहल है। इस प्रणाली को विकसित करने के लिए, निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान ने संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ सहयोग किया है?

*(a)* भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास

*(b)* भारतीय विज्ञान संस्थान

*(c)* रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन

*(d)* भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

**26.** भारतीय इतिहास की निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले घटित हुई थी?

*(a)* दांडी मार्च

*(b)* चौरी चौरा घटना

*(c)* बंगाल का विभाजन

*(d)* चंपारण सत्याग्रह

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तमिल लिपि में प्रथम पुस्तक का मुद्रण वर्ष 1578 में हुआ था।
2. भीमजी पारेख के प्रयासों से इंग्लैंड से बॉम्बे में प्रथम प्रिंटिंग प्रेस का आयात किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**28.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (सूफी कृति) | सूची–II (रचना की प्रकृति) |
|---|---|
| A. *कशफुल महजूब* | 1. संतों के जीवन-वृत्तांत |
| B. *फ़वाइद-उल-फुआद* | 2. सूफी विचारधारा से संबंधित पुस्तिका |
| C. *सियार-उल-औलिया* | 3. शेख अहमद सरहिंदी के पत्र |
| D. *मकतूबत-ए-इमाम रब्बानी* | 4. शेख निजामुद्दीन औलिया के वार्तालाप |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**24.** Which one of the following systems has been adopted by the Government of India to improve cash management, reduce idle balance, enhance transparency and strengthen expenditure efficiency as a major public financial management system reform?

(a) Paper-Based Clearing System

(b) Decentralized Account Management System

(c) Just-in-Time Fund Release System

(d) Asset Management and Tracking System

**25.** 'Anna Chakra' PDS Supply Chain Optimization is an initiative launched by the Government of India to enhance the efficiency of the PDS logistics network across the country. Which one of the following Indian institutions collaborated with the United Nations World Food Programme to develop this system?

(a) The Indian Institute of Technology Madras

(b) The Indian Institute of Science

(c) The Defence Research and Development Organization

(d) The Indian Institute of Technology Delhi

**26.** Which one among the following events of Indian history was the earliest to take place?

(a) Dandi March

(b) Chauri Chaura Incident

(c) Partition of Bengal

(d) Champaran Satyagraha

**27.** Consider the following statements :

1. The first book in the Tamil script was printed in 1578.
2. The first printing press at Bombay was imported from England by the efforts of Bhimji Parikh.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**28.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Sufi Work) | List–II (Nature of Composition) |
|---|---|
| A. *Kashf-ul Mahjub* | 1. Biographical accounts of saints |
| B. *Fawa'id-al Fu'ad* | 2. Manuals dealing with Sufi thought |
| C. *Siyar-ul Auliya* | 3. Letters of Shaikh Ahmad Sirhindi |
| D. *Maktubat-i Imam Rabbani* | 4. Conversations of Shaikh Nizamuddin Auliya |

Code :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

29. 'अमर-नायक' प्रणाली के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) अमर-नायक प्रणाली विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज थी।

(b) अमर-नायक सैन्य कमांडर थे, जिन्हें राय द्वारा शासन करने के लिए राज्य-क्षेत्र दिए गए थे।

(c) अमर-नायक करों का संग्रह करते थे और व्यक्तिगत उपयोग तथा अपने सैन्य-दल के रख-रखाव हेतु राजस्व का भाग रखते थे।

(d) अमर-नायकों के अधीन राज्य-क्षेत्र वंशानुगत थे और इस कारण वे अहस्तांतरणीय थे।

30. निम्नलिखित में से कौन-सी, बंगाल के नदिया में उत्पन्न चैतन्य परंपरा की एक प्रशाखा है तथा जिसके अनुयायी हिन्दू और मुसलमान दोनों हैं?

(a) एकशरण धर्म

(b) सहजिया

(c) गौड़ीय वैष्णववाद

(d) बाउल

31. जावर की खानों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ताँबा, सीसा और चाँदी के अयस्कों में जस्ता मिश्रित रूप में मिलता था।

2. 14वीं शताब्दी तक आसवन विधि द्वारा जस्ते का पृथक्करण आरंभ हो गया था।

3. अबुल फ़ज़ल ने नई खोजी गई धातु के रूप में जस्ते का वर्णन किया है, जिससे प्राचीन लोग अनभिज्ञ थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

32. प्राचीन भारत के खगोलविदों की कृतियों में, निम्नलिखित में से किसका उल्लेख **नहीं** मिलता है?

(a) सूर्य

(b) बुध

(c) अरुण (यूरेनस)

(d) शुक्र

33. कोडुमानल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) तमिलनाडु में एक पुरातात्त्विक स्थल

(b) एक चेर राजा

(c) एक अलवर संत

(d) दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध नृत्य रूप

34. निम्नलिखित में से कौन-सा शिलालेख, तमिल राज्यों के एक संघ (confederacy) से संबंधित है?

(a) अशोक का द्वितीय बृहत् शिलालेख—धर्मादेश (Rock Edict)

(b) खारवेल का हाथीगुम्फा शिलालेख

(c) समुद्रगुप्त का इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख

(d) रुद्रदमन का जूनागढ़ शिलालेख

35. इन वैदिक देवताओं में से किसे वचनों (compacts) और विवाहों का संरक्षक माना जाता था?

(a) मारुत

(b) वरुण

(c) आर्यमन

(d) अग्नि

36. किसी कुल (clan) को निरूपित करने वाले शब्द 'गोत्र' का सर्वप्रथम उल्लेख निम्नलिखित में से किस वेद में मिलता है?

(a) ऋग्वेद

(b) अथर्ववेद

(c) सामवेद

(d) यजुर्वेद

**29.** Which one of the following statements about the 'Amara-Nayaka' system is ***not*** correct?

*(a)* The Amara-Nayaka system was a major political innovation of the Vijayanagara Empire.

*(b)* The Amara-Nayakas were military commanders who were given territories to govern by the Raya.

*(c)* The Amara-Nayakas collected taxes and retained part of the revenue for personal use and for maintaining their contingents.

*(d)* The territories held by the Amara-Nayakas were hereditary and were therefore non-transferrable.

**30.** Which of the following is an offshoot of the Chaitanya tradition originating in Nadia in Bengal and followed by both Hindus and Muslims?

*(a)* Ekasarana Dharma

*(b)* Sahajiya

*(c)* Gaudiya Vaishnavism

*(d)* Baul

**31.** Consider the following statements about the Zawar mines :

1. Zinc was present, mixed with ores of copper, lead and silver.
2. By the 14th century, zinc began to be isolated by the distillation method.
3. Abul Fazl described zinc as a newly discovered metal unknown to the ancients.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**32.** Which one of the following does ***not*** find mention in the works of the astronomers of ancient India?

*(a)* Sun

*(b)* Mercury

*(c)* Uranus

*(d)* Venus

**33.** Which one among the following about Kodumanal is correct?

*(a)* An archaeological site in Tamil Nadu

*(b)* A Chera king

*(c)* An Alvar saint

*(d)* A celebrated dance form of South India

**34.** Which one of the following inscriptions refers to a confederacy of Tamil States?

*(a)* The Second Major Rock Edict of Ashoka

*(b)* Hathigumpha Inscription of Kharavela

*(c)* Allahabad Pillar Inscription of Samudragupta

*(d)* Junagadh Inscription of Rudradaman

**35.** Who among the following Vedic deities was considered the guardian of compacts and marriages?

*(a)* Marut

*(b)* Varuna

*(c)* Aryaman

*(d)* Agni

**36.** In which one of the following Vedas does the term 'Gotra' appear for the first time as representing a clan?

*(a)* *Rigveda*

*(b)* *Atharvaveda*

*(c)* *Samaveda*

*(d)* *Yajurveda*

**37.** 'गंगा का अवतरण (Descent of the Ganga)' क्या है?

(a) मामल्लापुरम का उद्भृत मूर्तिशिल्प (relief sculpture)

(b) भट्टी द्वारा रचित कविता

(c) राष्ट्रकूटों द्वारा निर्मित मंदिर

(d) अजंता की चित्रकारी (painting)

**38.** इन काँग्रेसी सदस्यों में से कौन, 'अपरिवर्तनवादी (नो-चेंजर्स)' समूह के सदस्य **नहीं** थे?

(a) सी० राजगोपालाचारी

(b) राजेन्द्र प्रसाद

(c) विट्ठलभाई पटेल

(d) वल्लभभाई पटेल

**39.** निम्नलिखित घटनाओं को सही कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित कीजिए :

1. आज़ाद हिन्द सरकार का गठन
2. इंडियन लीजन (Indian Legion) की स्थापना
3. INA विचारणों (trials) का प्रारंभ
4. बॉम्बे नौसैनिक विद्रोह

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

(a) 2–1–3–4

(b) 3–1–4–2

(c) 2–1–4–3

(d) 1–2–3–4

**40.** भारतीय संविधान सभा द्वारा इनमें से किसे उत्तर-पूर्व सीमांत (असम) जनजाति और अपवर्जित क्षेत्रों पर उप-समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था?

(a) गोपीनाथ बोरदोलोई

(b) रूपनाथ ब्रह्मा

(c) बिष्णुराम मेधी

(d) तरुण राम फुकन

**41.** 1948 के संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प द्वारा अपनाए गए मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा-पत्र में क्या सम्मिलित **नहीं** था?

(a) मनमानी गिरफ्तारी (arbitrary arrest) के विरुद्ध अधिकार

(b) गुलामी के विरुद्ध अधिकार

(c) अमानवीय अथवा अपमानजनक व्यवहार के विरुद्ध अधिकार

(d) विश्राम और अवकाश का अधिकार

**42.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (संविधान संशोधन अधिनियम)** | **सूची–II (प्रमुख संशोधन)** |
|---|---|
| A. संविधान (एक सौ दोवाँ संशोधन) अधिनियम | 1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधानिक दर्जा दिया गया |
| B. संविधान (एक सौ तीनवाँ संशोधन) अधिनियम | 2. लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में आंग्ल-भारतीयों के लिए स्थानों के आरक्षण की समाप्ति |
| C. संविधान (एक सौ चारवाँ संशोधन) अधिनियम | 3. केन्द्र सरकार की नौकरियों में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) के लिए दस प्रतिशत आरक्षण |
| D. संविधान (एक सौ छवाँ संशोधन) अधिनियम | 4. लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**37.** The 'Descent of the Ganga' is a

(a) relief sculpture at Mamallapuram

(b) poem by Bhatti

(c) temple built by Rashtrakutas

(d) painting at Ajanta

**38.** Who among the following Congressmen was ***not*** a member of the 'No-Changers' group?

(a) C. Rajagopalachari

(b) Rajendra Prasad

(c) Vithalbhai Patel

(d) Vallabhbhai Patel

**39.** Arrange the following events in the correct chronological order :

1. Formation of the Azad Hind Government
2. Setting-up of the Indian Legion
3. Beginning of the INA trials
4. The Bombay Naval Strike

Select the answer using the code given below.

(a) 2–1–3–4

(b) 3–1–4–2

(c) 2–1–4–3

(d) 1–2–3–4

**40.** Who among the following was appointed by the Constituent Assembly of India as Head of the Sub-Committee for North-East Frontier (Assam) Tribal and Excluded Areas?

(a) Gopinath Bordoloi

(b) Rupnath Brahma

(c) Bishnuram Medhi

(d) Tarun Ram Phukan

**41.** The Universal Declaration of Human Rights adopted by the United Nations General Assembly Resolution of 1948 does ***not*** include

(a) right against arbitrary arrest

(b) right against slavery

(c) right against inhuman or degrading treatment

(d) right to rest and leisure

**42.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Constitutional Amendment Act)* | *List–II (Major Amendment)* |
|---|---|
| A. The Constitution (One Hundred and Second Amendment) Act | 1. Constitutional status to the National Commission for Backward Classes |
| B. The Constitution (One Hundred and Third Amendment) Act | 2. Abolition of reservation of seats for Anglo-Indians in the Lok Sabha and State Legislative Assemblies |
| C. The Constitution (One Hundred and Fourth Amendment) Act | 3. Ten percent reservation for Economically Weaker Sections (EWS) in the Central Government jobs |
| D. The Constitution (One Hundred and Sixth Amendment) Act | 4. Thirty-three percent reservation for women in the Lok Sabha and State Legislative Assemblies |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**43.** जनहित याचिका (PIL) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. भारत में, यह सुने जाने के अधिकार के सिद्धांत द्वारा अधिरोपित कड़ी अपेक्षाओं का पालन करती है।

2. न्यायाधीशों को भेजे जाने वाले पत्रों को याचिकाएँ माना जा सकता है।

3. *एम० सी० मेहता* बनाम *भारत संघ* एक PIL थी, जिसने भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 32 के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* केवल 1 और 2

**44.** भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. परिपाटी के अनुसार, महासचिव, लोक सभा अथवा महासचिव, राज्य सभा की नियुक्ति क्रमावर्ती रूप से रिटर्निंग अधिकारी के रूप में की जाती है।

2. निर्वाचक-गण (Electoral College) के सदस्य अपनी इच्छा से मतदान कर सकते हैं और वे किसी दल द्वारा जारी ह्विप को मानने के लिए बाध्य नहीं हैं।

3. नोटा (NOTA) के उपबंध लागू होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* केवल 1

**45.** मंत्रालय और विभाग के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?

*(a)* वित्त मंत्रालय : पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

*(b)* गृह मंत्रालय : राजभाषा विभाग

*(c)* रक्षा मंत्रालय : भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग

*(d)* रसायन और उर्वरक मंत्रालय : औषध विभाग

**46.** भारत के संविधान की नवीं अनुसूची में निम्नलिखित में से कौन-सा विषय सम्मिलित **नहीं** है?

*(a)* एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969

*(b)* साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972

*(c)* कोयला खान (प्रबंध-ग्रहण) अधिनियम, 1973

*(d)* उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019

**47.** उत्तर-पूर्वी परिषद् के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* यह परिषद् गृह-मंत्रालय के अधीन उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित आठ राज्यों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है।

*(b)* इस परिषद् में आठ उत्तर-पूर्वी राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ संबंधित राज्यों के राज्यपालों द्वारा नामोद्दिष्ट तीन सदस्य सम्मिलित होते हैं।

*(c)* वर्ष 1971 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इस परिषद् का गठन किया गया था।

*(d)* उत्तर-पूर्वी परिषद् में, मणिपुर को आठवें सदस्य राज्य के रूप में सम्मिलित किया गया था।

**43.** Which of the following statements about Public Interest Litigation (PIL) is/are correct?

1. In India, it adheres to the strict requirements imposed by the doctrine of locus standi.
2. Letters to judges may be treated as petitions.
3. *M. C. Mehta* vs. *Union of India* was a PIL that expanded the scope of Article 21 and Article 32 of the Constitution of India.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1 and 2 only

**44.** Which of the following statements in respect of the election of the President of India is/are correct?

1. By convention, the Secretary General, Lok Sabha or the Secretary General, Rajya Sabha is appointed as the Returning Officer by rotation.
2. Members of the Electoral College can vote according to their wish and are not bound by any party whip.
3. The provisions of NOTA are applicable.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* 1 only

**45.** Which one of the following pairs of Ministries and Departments is ***not*** correctly matched?

*(a)* The Ministry of Finance : The Department of Pension and Pensioners' Welfare

*(b)* The Ministry of Home Affairs : The Department of Official Language

*(c)* The Ministry of Defence : The Department of Ex-Servicemen Welfare

*(d)* The Ministry of Chemicals and Fertilizers : The Department of Pharmaceuticals

**46.** Which among the following subjects is ***not*** included in the Ninth Schedule of the Constitution of India?

*(a)* The Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969

*(b)* The General Insurance Business (Nationalization) Act, 1972

*(c)* The Coal Mines (Taking Over of Management) Act, 1973

*(d)* The Consumer Protection Act, 2019

**47.** Which one of the following statements in respect of the North Eastern Council is correct?

*(a)* The Council is the nodal agency under the Ministry of Home Affairs for the economic and social development of eight States in the North Eastern Region.

*(b)* The Council consists of the Governors and Chief Ministers of eight North Eastern States along with three members nominated by the Governors of the respective States.

*(c)* The Council was constituted in 1971 by an Act of the Parliament.

*(d)* Manipur was added as the eighth member State in the North Eastern Council.

**48.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (ऐतिहासिक निर्णय)** | **सूची–II (वादविषय)** |
|---|---|
| A. *ए० के० गोपालन* बनाम *मद्रास राज्य* | 1. क्या निवारक निरोध अधिनियम भारत के संविधान के अधीन मौलिक अधिकारों के अधिकारातीत है |
| B. *के० एम० नानावती* बनाम *बॉम्बे राज्य* | 2. क्या थिएटरों में चलचित्र के प्रदर्शन से पहले राष्ट्र-गान अवश्य बजाया जाना चाहिए |
| C. *मेनका गाँधी* बनाम *भारत संघ* | 3. भारत के संविधान के अनुच्छेद 161 के अधीन राज्यपाल द्वारा दंडादेश के निलंबन की शक्ति की परीक्षा करना |
| D. *श्याम नारायण चौकसे* बनाम *भारत संघ* | 4. क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के अधीन प्रदत्त अधिकार में विदेश जाने का अधिकार सम्मिलित है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 4 | 3 | 2 |
| *(b)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 2 | 4 | 3 | 1 |

**49.** भारत में संघीय प्रणाली के स्वरूप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. चूँकि संघ के गठन से पूर्व राज्यों का स्वतंत्र अस्तित्व था, इसलिए भारत के संविधान में अमेरिका (United States) के संविधान की भाँति 'राज्य अधिकारों' के संरक्षण हेतु रक्षोपायों का उपबंध किया गया।

2. अमेरिका (United States) के संविधान के अधीन राज्यों में अवशिष्ट शक्तियाँ विहित हैं, किन्तु भारत के संविधान के अधीन ये शक्तियाँ संघ में विहित हैं।

3. भारत के संविधान ने अवशिष्ट शक्तियों को निहित करने में आयरलैंड के संविधान का अनुकरण किया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**50.** विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. यह चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मजदूरी वाले रोज़गार को टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना से जोड़ता है।

2. सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक से जोड़ा गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**48.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Landmark Judgment)* | | *List–II* *(Issue)* |
|---|---|---|
| A. *A. K. Gopalan* vs. *State of Madras* | 1. | Whether Preventive Detention Act ultra vires the Fundamental Rights under the Constitution of India |
| B. *K. M. Nanavati* vs. *State of Bombay* | 2. | Whether the National Anthem must be played before movies in theatres |
| C. *Maneka Gandhi* vs. *Union of India* | 3. | Examining the power of suspension of sentence by the Governor under Article 161 of the Constitution of India |
| D. *Shyam Narayan Chouksey* vs. *Union of India* | 4. | Whether right to go abroad is included in right under Article 19(1)(a) of the Constitution of India |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 4 | 3 | 2 |
| *(b)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 2 | 4 | 3 | 1 |

**49.** Which of the following statements in respect of the nature of the federal system in India is/are correct?

1. Since the States had an independent existence prior to the formation of the Federation, the Constitution of India provided for safeguards for protecting 'State rights', similar to the Constitution of the United States.
2. The residuary powers are reserved with the States under the Constitution of the United States, but these are with the Union under the Constitution of India.
3. The Constitution of India has followed the Irish Constitution in vesting the residuary powers.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**50.** Which of the following statements about the Viksit Bharat-G RAM G Act, 2025 is/are correct?

1. It links wage employment with durable rural infrastructure across four priority areas.
2. All assets created are aggregated into the Viksit Bharat National Rural Infrastructure Stack.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**51.** निम्नलिखित में से कौन-से भारत के संविधान की 'मूलभूत विशेषताओं', जैसे कि उच्चतम न्यायालय के विविध निर्णयों से लिए गए हैं, के भाग हैं?

1. न्याय तक प्रभावी पहुँच
2. कानून का शासन
3. अनुच्छेद 368 के अधीन संशोधन शक्ति का निर्बंधन (limitations)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**52.** महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह कन्वेंशन महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग द्वारा तीस से अधिक वर्षों तक किए गए कार्य का चरमोत्कर्ष था।
2. यह कन्वेंशन महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर प्रमुखता से ध्यान देता है।
3. मानव अधिकार समिति द्वारा इस कन्वेंशन के कार्यान्वयन को मॉनिटर किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**53.** राज्य सभा में, निम्नलिखित में से किस राज्य को सबसे अधिक स्थान (सीट) आबंटित हैं?

*(a)* पश्चिम बंगाल

*(b)* कर्नाटक

*(c)* राजस्थान

*(d)* तमिलनाडु

**54.** मानव अधिकारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. अधिकारों की पहली पीढ़ी में पारंपरिक नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार सम्मिलित थे।
2. अधिकारों की दूसरी पीढ़ी में एकात्मता (solidarity) अधिकार सम्मिलित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**55.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 20(1) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इसमें कार्योत्तर विधान (ex post facto legislation) के विरुद्ध उपबंध अंतर्विष्ट है।
2. कोई विधान किसी दांडिक (criminal) कानून को भूतलक्षी (retrospective) बनाने के लिए सक्षम नहीं होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

51. Which of the following are a part of the 'basic features' of the Constitution of India as drawn from various decisions of the Supreme Court?

1. Effective access to justice
2. Rule of Law
3. Limitations upon the amending power under Article 368

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

52. Which of the following statements about the Convention on the Elimination of All Forms of Discrimination against Women are correct?

1. The Convention was the culmination of more than thirty years of work by the United Nations Commission on the Status of Women.
2. The Convention devotes major attention to women's reproductive rights.
3. The implementation of the Convention is monitored by the Committee on Human Rights.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

53. Which one among the following States has the highest allocation of seats in the Council of States?

(a) West Bengal

(b) Karnataka

(c) Rajasthan

(d) Tamil Nadu

54. Which of the following statements about human rights is/are correct?

1. The first generation rights were traditional civil and political rights.
2. The second generation rights are solidarity rights.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

55. Which of the following statements about Article 20(1) of the Constitution of India is/are correct?

1. It contains a provision against ex post facto legislation.
2. A legislation shall not be competent to make a criminal law retrospective.

Select the answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**56.** $A$ जब 5 km दौड़ता है, $B$ तब 2 km दौड़ सकता है। प्रारंभ में $A$, $B$ से 750 m पीछे था और वे दोनों एक ही दिशा में दौड़ रहे थे। यदि वे दोनों एक ही समय पर दौड़ना आरंभ करते हैं, तो $B$ को पार करने के लिए $A$ को कितनी दूर (मीटर में) दौड़ना पड़ेगा?

(a) 500

(b) 750

(c) 1250

(d) 1500

**57.** एक प्रश्न है, जिसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं :

प्रश्न :

यदि $x$ और $y$ पूर्णांक हैं, तो क्या हम अद्वितीयतः $|x-y|$ प्राप्त कर सकते हैं?

I. $x^2 + y^2 = 25$

II. $x^2 - y^2 = 7$

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

(a) प्रश्न का उत्तर इन कथनों में से केवल किसी एक का उपयोग कर दिया जा सकता है, किन्तु अन्य कथन का उपयोग कर उत्तर नहीं दिया जा सकता है

(b) प्रश्न का उत्तर दोनों में से केवल किसी एक कथन का उपयोग कर दिया जा सकता है

(c) प्रश्न का उत्तर दोनों कथनों का एकसाथ उपयोग कर दिया जा सकता है, किन्तु दोनों में से केवल किसी एक कथन का उपयोग कर नहीं दिया जा सकता है

(d) प्रश्न का उत्तर किसी भी कथन का उपयोग करके भी नहीं दिया जा सकता है

**58.** 7 cm त्रिज्या वाली एक धात्विक बेलनाकार चक्रिका (cylindrical disc) को पिघलाया जाता है और समान मोटाई के 22 वर्गाकार ठोस (solids) बनाए जाते हैं। यदि इन वर्गों की भुजा की लंबाई $l$ cm है, तो (cm में)

(a) $2 \cdot 5 < l < 2 \cdot 6$

(b) $2 \cdot 6 < l < 2 \cdot 7$

(c) $2 \cdot 7 < l < 2 \cdot 8$

(d) $2 \cdot 8 < l < 2 \cdot 9$

**59.** किसी क्लब में 58 सदस्य हैं। उनमें से 25 सदस्य चाय पीते हैं, 23 सदस्य कॉफ़ी पीते हैं और केवल 7 सदस्य चाय और कॉफ़ी दोनों पीते हैं। ऐसे सदस्यों की संख्या, जो चाय अथवा कॉफ़ी पीते हैं किन्तु दोनों नहीं पीते, का ऐसे सदस्यों की संख्या जो न तो चाय और न ही कॉफ़ी पीते हैं, से अनुपात क्या है?

(a) 1 : 2

(b) 1 : 3

(c) 3 : 1

(d) 2 : 1

**60.** किसी तड़ित् घटना (lightning event) की चमक 19:06:17 hr पर देखी गई, जबकि उसी प्रक्रिया में गर्जन 19:06:23 hr पर सुनाई दी। यदि ध्वनि की चाल 320 मीटर प्रति सेकंड है, तो तड़ित् तथा गर्जन उत्पन्न करने वाले बादलों और अवलोकनकर्ता के बीच मीटर में दूरी निम्नलिखित में से कितनी है?

(a) 1720

(b) 1820

(c) 1920

(d) 2020

**61.** किसी बड़े पात्र $X$ में 3 लीटर मिश्रण है, जिसमें दूध और जल 3 : 2 के अनुपात में हैं। दूसरे पात्र $Y$ में 100 लीटर मिश्रण है, जिसमें दूध और जल 9 : 1 के अनुपात में हैं। पात्र $Y$ से पात्र $X$ में कितने लीटर मिश्रण डाला जाना चाहिए, ताकि पात्र $X$ में दूध का जल से अनुपात 17 : 3 प्राप्त किया जा सके?

(a) 9

(b) 12

(c) 15

(d) 18

**56.** When $A$ runs 5 km, $B$ can run 2 km. Initially $A$ was 750 m behind $B$ and they were running in the same direction. How much distance, in metres, must $A$ run to cross $B$, if they start at the same time?

(a) 500

(b) 750

(c) 1250

(d) 1500

**57.** There is a question followed by two statements I and II :

Question :

If $x$ and $y$ are integers, can we find $|x - y|$ uniquely?

I. $x^2 + y^2 = 25$

II. $x^2 - y^2 = 7$

Which one of the following options is correct?

(a) The question can be answered using one of these statements alone, but cannot be answered using the other statement

(b) The question can be answered using either statement alone

(c) The question can be answered using both the statements together, but cannot be answered using either statement alone

(d) The question cannot be answered even using any of the statements

**58.** A metallic cylindrical disc of radius 7 cm is melted and 22 square-shaped solids of the same thickness are made. If $l$ cm is the side length of these squares, then (in cm)

(a) $2 \cdot 5 < l < 2 \cdot 6$

(b) $2 \cdot 6 < l < 2 \cdot 7$

(c) $2 \cdot 7 < l < 2 \cdot 8$

(d) $2 \cdot 8 < l < 2 \cdot 9$

**59.** In a club, there are 58 members. Among them, 25 members drink tea, 23 members drink coffee and only 7 members drink both tea and coffee. What is the ratio of the number of members who drink tea or coffee but not both, to the number of members who drink neither tea nor coffee?

(a) 1 : 2

(b) 1 : 3

(c) 3 : 1

(d) 2 : 1

**60.** The brightness of a lightning event was seen at 19:06:17 hr, whereas the sound of the thunder in the same process was heard at 19:06:23 hr. If the speed of the sound is 320 metres per second, then which of the following is the distance in metres between the clouds that produced the lightning and the thunder, and the observer?

(a) 1720

(b) 1820

(c) 1920

(d) 2020

**61.** A large pot $X$ contains 3 litres mixture consisting of milk and water in the ratio 3 : 2. Another pot $Y$ contains 100 litres mixture consisting of milk and water in the ratio 9 : 1. How many litres of mixture from pot $Y$ are to be poured into pot $X$ to get a mixture with the ratio of milk to water as 17 : 3 in pot $X$?

(a) 9

(b) 12

(c) 15

(d) 18

62. किसी व्यक्ति $X$ को ₹56 का भुगतान करना है। उसके पास ₹2 के पच्चीस सिक्के हैं और ₹5 के नौ सिक्के हैं। वह इस भुगतान को कितने भिन्न प्रकार से कर सकता है?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

63. तीन कक्ष (I, II और III) हैं, जिनमें से प्रत्येक की रहने की क्षमता (occupancy capacity) तीन है। $P$, $Q$, $R$, $S$ और $T$ पाँच मित्र हैं। कक्ष I में $R$ और $S$ रहते हैं; कक्ष II में $T$ रहता है। यदि कोई अतिरिक्त प्रतिबंध न हो, तो $P$ और $Q$ कितने भिन्न प्रकार से इन कक्षों में रह सकते हैं?

(a) 8

(b) 7

(c) 6

(d) 5

64. यदि ART को BQU के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो TAR को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) UZS

(b) UQB

(c) QBU

(d) USZ

65. किसी दूकानदार ने किसी वस्तु की कीमत इस प्रकार अंकित की है कि उसे 50% का लाभ प्राप्त हो। 2 महीने के बाद, उस वस्तु की बिक्री कम हो गई। इसलिए, उसने 20% के लाभ के साथ उस वस्तु की बिक्री करने का निर्णय लिया। केवल 20% लाभ प्राप्त करने के लिए वह कितनी प्रतिशत छूट की घोषणा करेगा?

(a) 50

(b) 40

(c) 30

(d) 20

66. घंटे और मिनट की सुइयों द्वारा बनाए गए लघुतर कोण को 1:30 PM पर देखा जाता है। निम्नलिखित में से समय के किस अंतराल में, इन सुइयों के बीच लघुतर कोण पुनः वही होगा?

(a) 1:44 PM और 1:45 PM

(b) 1:45 PM और 1:46 PM

(c) 1:46 PM और 1:47 PM

(d) 1:47 PM और 1:48 PM

67. किसी सुमेलन के प्रश्न में दो कॉलम हैं। पहले कॉलम में 4 कथन हैं जबकि दूसरे कॉलम में 5 कथन हैं। पहले कॉलम के प्रत्येक कथन को दूसरे कॉलम के ठीक एक कथन से सुमेलित किया जाना है। यदि किसी विद्यार्थी को सही सुमेलन का ज्ञान न हो, तो वह कितने भिन्न प्रकार से दो कॉलमों का सुमेलन कर सकता है?

(a) 120

(b) 110

(c) 100

(d) 90

**62.** A person $X$ has to make a payment of ₹56. He has twenty-five ₹2 coins and nine ₹5 coins. In how many different ways can he make this payment?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

**63.** There are three rooms (I, II and III) with occupancy capacity of three each. $P$, $Q$, $R$, $S$ and $T$ are five friends. $R$ and $S$ occupied room I; $T$ occupied room II. In how many different ways can $P$ and $Q$ occupy the rooms if there is no additional restriction?

(a) 8

(b) 7

(c) 6

(d) 5

**64.** If ART is encoded as BQU, then TAR is encoded as

(a) UZS

(b) UQB

(c) QBU

(d) USZ

**65.** A shopkeeper marked a price on an article so that he gets 50% profit. After 2 months, the sale of the article reduced. So, he decided to sell the same article with a profit of 20%. What percentage of discount does he announce to get only 20% profit?

(a) 50

(b) 40

(c) 30

(d) 20

**66.** The smaller angle made by the hour and the minute hands is noted when it was 1:30 PM. In which of the following intervals of time will the smaller angle between these hands again be the same?

(a) 1:44 PM and 1:45 PM

(b) 1:45 PM and 1:46 PM

(c) 1:46 PM and 1:47 PM

(d) 1:47 PM and 1:48 PM

**67.** In a matching problem, there are two columns. The first column has 4 statements whereas the second column has 5 statements. Every statement of the first column is to be matched with exactly one statement of the second column. In how many different ways can one student match the two columns if the student has no idea of the correct match?

(a) 120

(b) 110

(c) 100

(d) 90

**68.** एक आयताकार दीवार को 5 आयताकार भागों में बाँटा गया है, जैसा कि निम्नलिखित आरेख में दर्शाया गया है। यदि आपके पास इस दीवार को रंगने के लिए तीन भिन्न रंग हैं और यदि दो आसन्न भागों को एक ही रंग से रंगा नहीं जाना है, तो दीवार को कितने भिन्न प्रकार से रंगा जा सकता है?



(a) 16

(b) 17

(c) 18

(d) 19

**69.** मान लीजिए $1 \leq x, y, z \leq 9$ ऐसे पूर्णांक हैं कि $x > z$ है। मान लीजिए $\alpha$ और $\beta$ तीन-अंकीय संख्याएँ हैं जिनमें $\alpha = xyz$ और $\beta = zyx$ दिए गए हैं। $x, y, z$ ऐसे अंक हैं, जैसा कि उन्हें दर्शाया गया है। $\gamma = \alpha - \beta$ सेट कीजिए। निम्नलिखित में से कितने कथन सदैव सत्य हैं?

I. 2, $\gamma$ को विभाजित नहीं करता है।

II. 3, $\gamma$ को विभाजित करता है।

III. 5, $\gamma$ को विभाजित नहीं करता है।

IV. 7, $\gamma$ को विभाजित नहीं करता है।

V. 11, $\gamma$ को विभाजित करता है।

VI. 13, $\gamma$ को विभाजित नहीं करता है।

सही उत्तर चुनिए।

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

**70.** $P$, $Q$, $R$ और $S$ चार स्थान हैं। कोई $P$ से $R$ तक की यात्रा करने के लिए $Q$ से होकर जाता है और $P$ से $S$ तक की यात्रा करने के लिए $Q$ और $R$ दोनों से होकर जाता है। $P$ और $Q$ के बीच में 3 मार्ग हैं; $Q$ और $R$ के बीच में 4 मार्ग हैं; तथा $R$ और $S$ के बीच में 5 मार्ग हैं। इन मार्गों से होकर जाने के लिए किसी विशेष वाहन को घंटे में लगने वाला समय निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है :

| मार्ग | $P$ और $Q$ के बीच में | $Q$ और $R$ के बीच में | $R$ और $S$ के बीच में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 1 | 2 |
| 2 | 3 | 1·5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 2·5 |
| 4 | — | 2 | 3 |
| 5 | — | — | 3·5 |

यदि यात्रा में ठीक 7 घंटे लगते हैं, तो कितने संभाव्य मार्ग हैं?

(a) 10

(b) 11

(c) 12

(d) 13

**68.** A rectangular wall is partitioned into 5 rectangular parts as shown in the following diagram. If you have three different colours to paint the wall and if no two adjacent parts are to be painted with the same colour, in how many different ways can one paint the wall?



*(a)* 16

*(b)* 17

*(c)* 18

*(d)* 19

**69.** Suppose $1 \le x, y, z \le 9$ are integers such that $x > z$. Let $\alpha$ and $\beta$ be the three-digit numbers given by $\alpha = xyz$ and $\beta = zyx$ so that $x, y, z$ are the digits as they are shown. Set $\gamma = \alpha - \beta$. How many of the following statements are always true?

I. 2 does not divide $\gamma$.

II. 3 divides $\gamma$.

III. 5 does not divide $\gamma$.

IV. 7 does not divide $\gamma$.

V. 11 divides $\gamma$.

VI. 13 does not divide $\gamma$.

Select the correct answer.

*(a)* 3

*(b)* 4

*(c)* 5

*(d)* 6

**70.** *P*, *Q*, *R* and *S* are four places. To travel from *P* to *R*, one travels via *Q* and to travel from *P* to *S*, one travels via both *Q* and *R*. Between *P* and *Q*, there are 3 routes; between *Q* and *R*, there are 4 routes; and between *R* and *S*, there are 5 routes. The time taken to travel through these routes is exhibited on the following chart in hours for a specific vehicle :

| *Routes* | *Between P and Q* | *Between Q and R* | *Between R and S* |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 1 | 2 |
| 2 | 3 | 1·5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 2·5 |
| 4 | — | 2 | 3 |
| 5 | — | — | 3·5 |

How many possible routes are there if the journey takes exactly 7 hours?

*(a)* 10

*(b)* 11

*(c)* 12

*(d)* 13

**71.** होर्मुज जलडमरूमध्य किन्हें जोड़ता है?

(a) लाल सागर और भूमध्य सागर

(b) अदन की खाड़ी और लाल सागर

(c) फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी

(d) काला सागर और भूमध्य सागर

**72.** निम्नलिखित में से कौन-से देश इज़राइल के साथ सीमा साझा करते हैं?

1. मिस्र
2. जॉर्डन
3. सीरिया
4. लेबनान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

**73.** द्वीपसमूह और संबंधित जलाशयों के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| I. खार्ग | : | फारस की खाड़ी |
| II. वान | : | मन्नार की खाड़ी |
| III. तुती | : | लाल सागर |
| IV. क़ेशम | : | अरब सागर |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**74.** भारत में औद्योगिक गलियारों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे रैखिक विकास क्षेत्र हैं।
2. वे सड़कों, रेलमार्गों, पत्तनों और विमानपत्तनों के एक एकीकृत नेटवर्क के माध्यम से सभी प्रमुख राज्य की राजधानियों को जोड़ते हैं।
3. वे औद्योगिक विकास के त्वरण का संवर्धन करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) केवल 3

(d) केवल 1

**75.** भारत में चक्रवातों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अरब सागर की अपेक्षा बंगाल की खाड़ी में अधिक चक्रवात आते हैं।
2. औसतन, प्रत्येक वर्ष 12 से 15 उष्णकटिबंधीय चक्रवात बनते हैं।
3. वर्ष भर निरंतर रूप से उष्णकटिबंधीय चक्रवात आते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) केवल 2

**71.** The Strait of Hormuz connects

*(a)* the Red Sea and the Mediterranean Sea

*(b)* the Gulf of Aden and the Red Sea

*(c)* the Persian Gulf and the Gulf of Oman

*(d)* the Black Sea and the Mediterranean Sea

**72.** Which of the following countries share borders with Israel?

1. Egypt
2. Jordan
3. Syria
4. Lebanon

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**73.** Consider the following pairs of islands and related water bodies :

I. Kharg : Persian Gulf

II. Vaan : Gulf of Mannar

III. Tuti : Red Sea

IV. Qeshm : Arabian Sea

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**74.** Consider the following statements regarding Industrial Corridors in India :

1. They are linear development zones.
2. They connect all major State capitals through an integrated network of roads, railways, ports and airports.
3. They promote acceleration of industrial growth.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 3 only

*(d)* 1 only

**75.** Consider the following statements regarding cyclones in India :

1. More cyclones occur in the Bay of Bengal than in the Arabian Sea.
2. On an average, 12 to 15 tropical cyclones form every year.
3. Tropical cyclones occur continuously throughout the year.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3

*(d)* 2 only

**76.** किसी भौगोलिक विशेषता के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह विशेषता मलक्का जलडमरूमध्य के सन्निकट है।
2. भारत सरकार ने इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पत्तन प्रस्तावित किया है।
3. यह क्षेत्र लुप्तप्राय लेदरबैक समुद्री कछुए के लिए अति महत्त्वपूर्ण प्रजनन स्थलों में से एक है।
4. यह सघन वन, प्रचुर प्रवाल भित्तियों और समुद्री घासस्थली का क्षेत्र है।

निम्नलिखित में से किस भौगोलिक विशेषता का वर्णन उपर्युक्त में किया गया है?

*(a)* गैलाथिया खाड़ी

*(b)* मन्नार की खाड़ी

*(c)* कच्छ की खाड़ी

*(d)* पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait)

**77.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बृहत् वृत्त, सबसे बड़ा संभाव्य वृत्त है, जिसे गोले (sphere) की सतह पर खींचा जा सकता है।
2. प्रत्येक बृहत् वृत्त पृथ्वी को बराबर अर्धांशों (halves) में विभाजित करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**78.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जी॰ पी॰ एस॰ उपग्रहों के किसी नेटवर्क से प्राप्त संकेतों (signals) का उपयोग पृथ्वी पर किसी अवस्थिति (position) का निर्धारण करने के लिए करता है।
2. जी॰ पी॰ एस॰ रिसीवर अक्षांश का उपयोग करके सटीक स्थान का त्रिकोणीयन करने (triangulate) के लिए उपग्रहों से दूरियों का परिकलन करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**79.** भारत के संघ राज्यक्षेत्रों की निम्नलिखित में से कौन-सी राजधानी नगरी 11·62° उत्तर और 92·72° पूर्व निर्देशांक पर स्थित है?

*(a)* श्री विजयपुरम

*(b)* कवरत्ती

*(c)* पुदुचेरी

*(d)* चंडीगढ़

**76.** Consider the following statements about a geographical feature :

1. The feature is in close proximity to the Malacca Strait.
2. The Government of India proposed an international container transhipment port in this region.
3. The region is one of the most critical nesting grounds for the endangered leatherback sea turtle.
4. The region is home to dense forest, rich coral reefs and sea grass meadows.

Which one among the following geographical features is described above?

*(a)* Galathea Bay

*(b)* Gulf of Mannar

*(c)* Gulf of Kutch

*(d)* Palk Strait

**77.** Consider the following statements :

1. A great circle is the largest possible circle that can be drawn on the surface of the sphere.
2. Every great circle divides the Earth into equal halves.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**78.** Consider the following statements :

1. GPS uses signals from a network of satellites to determine a position on the Earth.
2. The GPS receiver calculates the distances from satellites to triangulate the exact location by the use of latitude.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**79.** Which one among the following capital cities of the Union Territories of India is located at coordinates 11·62° North and 92·72° East?

*(a)* Sri Vijaya Puram

*(b)* Kavaratti

*(c)* Puducherry

*(d)* Chandigarh

**80.** किसी मेघ रूप (cloud form) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये जल बूँदों के बजाय हिम क्रिस्टलों से बने होते हैं।
2. ये पतले, रेशेदार, सफ़ेद बादल हैं, जो आकाश में पंख जैसा निशान बनाते हैं।
3. ये मेघ सामान्यतः 6000 मीटर और 10000 मीटर के बीच, अत्यधिक ऊँचाई पर बनते हैं।

निम्नलिखित में से किस मेघ रूप का वर्णन उपर्युक्त में किया गया है?

*(a)* पक्षाभ मेघ

*(b)* स्तरी मेघ

*(c)* कपासी मेघ

*(d)* वर्षा मेघ

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बहुत-से शहरी और उपशहरी क्षेत्रों में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा उच्च तापमान होता है जिन्हें शहरी ऊष्मा द्वीप के रूप में जाना जाता है।
2. शहरी हरित आवरण में कमी और पक्के निर्मित क्षेत्रों (built-up hard surface) में वृद्धि शहरी ऊष्मा द्वीप का एकमात्र कारण है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**82.** अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यहाँ 836 द्वीपसमूह/टापू (islets)/चट्टानी दृश्यांश (rocky outcrops) हैं।
2. द्वीपों का समूह दस डिग्री चैनल से विभाजित है।
3. यह संघ राज्यक्षेत्र कोया, माल्मी, मेलाचेरी और अमिनीदिवी जैसी जनजातियों का घर है।
4. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में दो से अधिक प्रमुख पत्तन हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2 और 4

**83.** भारत की निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिए :

I. शरावती

II. पेरियार

III. मांडोवी

IV. दमन गंगा

उपर्युक्त में से कितनी नदियाँ पश्चिम की ओर प्रवाहित होती हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**80.** Consider the following statements about a cloud form :

1. These are made up of ice crystals rather than droplets of water.

2. They are thin, stringy, white clouds that trail like feathers across the sky.

3. These clouds are formed at very high altitudes—normally between 6000 metres and 10000 metres.

Which one among the following cloud forms is described above?

*(a)* Cirrus

*(b)* Stratus

*(c)* Cumulus

*(d)* Nimbus

**81.** Consider the following statements :

1. Many urban and suburban areas experience a higher temperature than surrounding rural areas known as urban heat islands.

2. The reduction in urban green cover and the increase of built-up hard surface is the only cause of urban heat island.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**82.** Consider the following statements regarding the Andaman and Nicobar Islands :

1. There are 836 islands/islets/rocky outcrops.

2. The group of islands is divided by the Ten Degree Channel.

3. The Union Territory is home to tribes such as Koya, Malmi, Melacheri and Aminidivi.

4. There are more than two major ports in the Andaman and Nicobar Islands.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 and 4

**83.** Consider the following rivers of India :

I. Sharavathi

II. Periyar

III. Mandovi

IV. Daman Ganga

How many of the above are west-flowing rivers?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**84.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विगत चार वर्षों (2022–23 से 2025–26) में भारत के कुल विद्युत् उत्पादन में बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई है।

2. विगत 12 वर्षों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विद्युत् की औसत उपलब्धता में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**85.** भारत में पत्तनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. देश में 12 प्रमुख पत्तन हैं, जो प्रचालन में हैं।

2. प्रमुख पत्तनों का प्रशासनिक नियंत्रण पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पास है जबकि गैर-प्रमुख पत्तन संबंधित राज्य समुद्री बोर्डों/राज्य सरकारों की अधिकारिता के अधीन हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**86.** प्राकृतिक वरण (natural selection) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) प्राकृतिक वरण केवल तभी हो सकता है जब समान प्रजातियों के सदस्यों के बीच कोई विविधताएँ न हों।

(b) समय के साथ, प्राकृतिक वरण उन अनुकूलनों की आवृत्तियों में वृद्धि कर सकते हैं, जो किसी दिए गए पर्यावरण में अनुकूल हों।

(c) पर्यावरण जितना समर्थन कर सकता है, प्रजातियों में उससे अधिक प्रजनन करने की प्रवृत्ति होती है।

(d) उत्परिवर्तन, अर्धसूत्रण और लैंगिक जनन किसी प्रजाति की व्यष्टियों के बीच विविधता उत्पन्न करते हैं।

**87.** निम्नलिखित सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) में से किसमें, स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण एवं पुनःस्थापन, वनों के सतत प्रबंधन, मरुस्थलीकरण को रोकने, भूमि के निम्नीकरण (degradation) को रोकने एवं उसे पूर्व स्थिति में लाने (reversing) और जैव विविधता को होने वाली क्षति को रोकने का उल्लेख है?

(a) SDG 5

(b) SDG 13

(c) SDG 15

(d) SDG 16

**84.** Consider the following statements :

1. India's total electricity generation in the last four years (2022–23 to 2025–26) has witnessed an increasing trend.

2. The average availability of electricity in both rural and urban areas has increased in the last 12 years.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**85.** Consider the following statements with respect to ports in India :

1. There are 12 major ports in operation in the country.

2. The major ports are under the administrative control of the Ministry of Ports, Shipping and Waterways, whereas the non-major ports are under the jurisdiction of respective State Maritime Boards/ State Governments.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**86.** Which one of the following statements about natural selection is ***not*** correct?

*(a)* Natural selection can only occur if there is no variation amongst members of the same species.

*(b)* Over time, natural selection can increase the frequency of adaptations that are favourable in a given environment.

*(c)* Species tend to overproduce beyond what the environment can support.

*(d)* Mutation, meiosis and sexual reproduction cause variation between individuals of a species.

**87.** Which one of the following Sustainable Development Goals (SDGs) talks about protecting and restoring terrestrial ecosystems, sustainably managing forests, combating desertification, halting and reversing land degradation and stopping biodiversity loss?

*(a)* SDG 5

*(b)* SDG 13

*(c)* SDG 15

*(d)* SDG 16

**88.** जैव विविधता के संरक्षण से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वस्थाने संरक्षण से तात्पर्य प्रजातियों का उनके प्राकृतिक आवासों में संरक्षण से है।
2. प्रकृति रिज़र्व (nature reserves) वन्यजीव संरक्षण हेतु विशेष रूप से अभिकल्पित क्षेत्र हैं।
3. पशुओं का बंदी प्रजनन एक स्वस्थाने संरक्षण उपाय है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 2 और 3

**89.** आनुवंशिक इंजीनियरी (genetic engineering) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आनुवंशिक इंजीनियरी की तकनीक में पुनर्योगज (recombinant) DNA का निर्माण, जीन क्लोनिंग और जीन स्थानांतरण का उपयोग सम्मिलित है।
2. प्रतिबंधन एंजाइम (restriction enzymes) DNA को विशिष्ट जगहों पर काटते हैं।
3. प्रतिबंधन एंजाइम (restriction enzymes) संपूर्ण द्विलड़ीय (double-stranded) DNA को दो लड़ियों में विखंडित करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 2

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 3

**90.** सुपोषण (eutrophication) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. सुपोषण तरुण झील में तब घटित होता है, जब जल शीतल और स्वच्छ होता है।
2. जलाशयों में पोषक समृद्धि के कारण सुपोषण होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**91.** पृथ्वी के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में, समतापमंडल में, ओज़ोन छिद्र प्रमुख रूप से पाया जाता है?

*(a)* भूमध्यरेखीय क्षेत्र

*(b)* उत्तरध्रुवीय क्षेत्र

*(c)* दक्षिणध्रुवीय क्षेत्र

*(d)* उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

**88.** Consider the following statements regarding biodiversity conservation :

1. In situ conservation refers to conservation of species in their natural habitats.
2. Nature reserves are areas specifically designed for wildlife conservation.
3. Captive breeding of animals is an in situ conservation measure.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 3

**89.** Consider the following statements about genetic engineering :

1. The technique of genetic engineering involves creation of recombinant DNA, use of gene cloning and gene transfer.
2. Restriction enzymes cut DNA at specific locations.
3. Restriction enzymes split the entire double-stranded DNA into two strands.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2 and 3

**90.** Which of the following statements about eutrophication is/are correct?

1. Eutrophication takes place in young lakes when the water is cold and clear.
2. Eutrophication is caused by nutrient enrichment in water bodies.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**91.** In which one of the following regions of the Earth is the ozone hole prominently observed in the stratosphere?

*(a)* Equatorial region

*(b)* Arctic region

*(c)* Antarctic region

*(d)* Tropical region

**92.** आनुवंशिक रूप से किसी जीव को रूपांतरित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से मूलभूत चरण है/हैं?

1. वांछित जीन-युक्त DNA की पहचान
2. चिह्नित DNA का परपोषी में स्थानांतरण (introduction)
3. स्थानांतरित (introduced) DNA को परपोषी में सुरक्षित रखना तथा उसकी संतति में DNA का स्थानांतरण करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**93.** शशकों (rabbits) में, एक गंभीर विषाणुज रोग मायक्सोमैटोसिस (myxomatosis) के फैलने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारक उत्तरदायी है?

*(a)* उच्चतर जल तापमान

*(b)* उच्चतर मृदा तापमान

*(c)* शशकों का उच्च जीवसंख्या घनत्व

*(d)* शशकों का निम्न जीवसंख्या घनत्व

**94.** जीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से इंसुलिन उत्पादन पद्धति के निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिए :

1. मानवों से इंसुलिन कोडिंग जीन का विलगन
2. किसी प्लाज़्मिड संवाहक (plasmid vector) में इंसुलिन कोडिंग जीन का सन्निवेश
3. जीवाणु (*E. coli*) में पुनर्योगज प्लाज़्मिड संवाहक का सन्निवेश

निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त का सही अनुक्रम है?

*(a)* 1–2–3

*(b)* 1–3–2

*(c)* 3–2–1

*(d)* 2–3–1

**95.** फलीदार पादपों की जड़ ग्रंथिकाओं में नाइट्रोजिनेस एंजाइम द्वारा नाइट्रोजन गैस के उत्प्रेरकी रूपांतरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इसके लिए ATP (Adenosine Tri-Phosphate) की आपूर्ति आवश्यक है।

*(b)* यह पहले $N_2$ (नाइट्रोजन गैस) को $NH_4^+$ (अमोनियम आयन) में रूपांतरित करती है।

*(c)* इसके लिए अपचित NADP (Nicotinamide Adenine Dinucleotide Phosphate) से हाइड्रोजन की आपूर्ति आवश्यक है।

*(d)* इस प्रक्रिया के लिए इसे वायवीय (aerobic) परिस्थिति की आवश्यकता है।

**96.** धमनियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* अंदर की परत शल्की अंतराच्छादित ऊतक (squamous endothelium) से बनी है।

*(b)* मध्य परत (लेयर) चिकनी पेशी और लचीले रेशे से बनी है।

*(c)* बाहरी परत (लेयर) कोलेजन रेशे से युक्त रेशेदार संयोजी ऊतक से बनी है।

*(d)* अन्य रक्त वाहिकाओं में से धमनियों की भित्ति सबसे पतली होती है।

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव, कार्बन डाइऑक्साइड के उच्च आंशिक दाब के कारण हीमोग्लोबिन द्वारा सक्रिय रूप से श्वसन ऊतकों में ऑक्सीजन निर्मुक्त करने की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

*(a)* हाल्डेन प्रभाव (Haldane effect)

*(b)* एली प्रभाव (Allee effect)

*(c)* बोहर प्रभाव (Bohr effect)

*(d)* ईगल प्रभाव (Eagle effect)

**92.** Which of the following is/are the basic step(s) in genetically modifying an organism?

1. Identification of DNA with desirable genes
2. Introduction of the identified DNA into the host
3. Maintenance of introduced DNA in the host and transfer of the DNA to its progeny

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**93.** Which one of the following factors is responsible for the spread of myxomatosis—a severe viral disease among rabbits?

*(a)* Higher water temperature

*(b)* Higher soil temperature

*(c)* High population density of rabbits

*(d)* Low population density of rabbits

**94.** Consider the following stages of insulin production procedure through gene technology :

1. Isolation of insulin coding gene from humans
2. Inserting the insulin coding gene into a plasmid vector
3. Inserting the recombinant plasmid vector into the bacterium (*E. coli*)

Which of the following is a correct sequence of the above?

*(a)* 1–2–3

*(b)* 1–3–2

*(c)* 3–2–1

*(d)* 2–3–1

**95.** Which one of the following statements about the catalytic conversion of nitrogen gas by nitrogenase enzyme in root nodules of leguminous plants is ***not*** correct?

*(a)* It needs ATP (Adenosine Tri-Phosphate) supply.

*(b)* It converts $N_2$ (nitrogen gas) to $NH_4^+$ (ammonium ion) first.

*(c)* It needs hydrogen supply from reduced NADP (Nicotinamide Adenine Dinucleotide Phosphate).

*(d)* It needs aerobic condition for the process.

**96.** Which one of the following statements about arteries is ***not*** correct?

*(a)* The inner lining is made of squamous endothelium.

*(b)* The middle layer is made of smooth muscle and elastic fibres.

*(c)* The outer layer is made of fibrous connective tissue with collagen fibres.

*(d)* Arteries have the thinnest walls amongst any other blood vessels.

**97.** Which one of the following effects best explains the high partial pressure of carbon dioxide causing haemoglobin to release oxygen in actively respiring tissues?

*(a)* Haldane effect

*(b)* Allee effect

*(c)* Bohr effect

*(d)* Eagle effect

**98.** पादपों में जाइलम वाहिकाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* जाइलम वाहिकाओं में लिग्निफाइड कोशिका भित्ति होती है।

*(b)* संरचना की दृष्टि से, फ्लोएम चालनी नलिकाएँ, जाइलम वाहिकाओं के सदृश होती हैं।

*(c)* मृत जाइलम वाहिकाएँ पादपों को संरचनात्मक सहारा प्रदान करती हैं।

*(d)* जाइलम वाहिकाओं के माध्यम से जल का परिवहन होता है।

**99.** निम्नलिखित में से किसे सभी जीव रूपों के मूल संरचनात्मक तत्त्व के रूप में माना जाता है?

*(a)* फॉस्फोरस

*(b)* कार्बन

*(c)* ऑक्सीजन

*(d)* नाइट्रोजन

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा पादप हार्मोन जलाभाव दबाव (drought stress) के दौरान रंध्र के बंद होने (stomatal closure) को बढ़ावा देता है?

*(a)* ऑक्सिन

*(b)* साइटोकाइनिन

*(c)* जिबरेलिन

*(d)* ऐब्सिसिक ऐसिड

**101.** परमाणु ईंधन (nuclear fuel) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भुक्तशेष ईंधन (spent fuel) अत्यधिक रेडियोऐक्टिव होता है।
2. ईंधन को संवर्धित किया जाना चाहिए।
3. नियंत्रण प्रणाली की विफलता से दुर्घटना (meltdown) हो सकती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**102.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (जैविक अणु) | सूची–II (कार्य/गुणधर्म) |
|---|---|
| A. इंसुलिन | 1. प्रोटीनों की एकलक (monomer) इकाइयाँ |
| B. हीमोग्लोबिन | 2. परिसंचरण तंत्र रोगों से संबंधित उच्च सांद्रता |
| C. ऐमिनो ऐसिड | 3. ऑक्सीजन को वहन करता है |
| D. कोलेस्टेरॉल | 4. रक्त में ग्लूकोस की सांद्रता का नियंत्रण करता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(b)* | 2 | 3 | 1 | 4 |
| *(c)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(d)* | 4 | 3 | 1 | 2 |

**98.** Which one of the following statements about xylem vessels in plants is ***not*** correct?

*(a)* Xylem vessels have lignified cell walls.

*(b)* Phloem sieve tubes are identical to xylem vessels in structure.

*(c)* Dead xylem vessels provide structural support to plants.

*(d)* Water is transported through xylem vessels.

**99.** Which one of the following is considered as the basic structural element of all life forms?

*(a)* Phosphorus

*(b)* Carbon

*(c)* Oxygen

*(d)* Nitrogen

**100.** Which one of the following plant hormones promotes stomatal closure during drought stress?

*(a)* Auxin

*(b)* Cytokinin

*(c)* Gibberellin

*(d)* Abscisic acid

**101.** Which of the following statements about nuclear fuel are correct?

1. Spent fuel is highly radioactive.
2. Fuel has to be enriched.
3. Failure of the control system can lead to a meltdown.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**102.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Biological Molecule)* | *List–II (Function/Property)* |
|---|---|
| A. Insulin | 1. Monomer units of proteins |
| B. Haemoglobin | 2. High concentration linked to circulatory system diseases |
| C. Amino acids | 3. Carries oxygen |
| D. Cholesterol | 4. Controls the concentration of glucose in blood |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(b)* | 2 | 3 | 1 | 4 |
| *(c)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(d)* | 4 | 3 | 1 | 2 |

**103.** जीवाश्म ईंधन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोयला सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन है तथा इसकी उच्च विशिष्ट ऊर्जा और ऊर्जा घनत्व है।
2. ऊष्मा तथा दाब की क्रिया से वनस्पति पदार्थ, चरणों में, ऐंथ्रासाइट से बिटुमिनस में और फिर लिग्नाइट कोयले में परिवर्तित होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**104.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* अल्फा ($\alpha$) कण में इलेक्ट्रॉनों की संख्या 2 है।

*(b)* EDTA की समन्वय संख्या 6 है।

*(c)* बीटा ($\beta$) कण का आवेश (चार्ज) +2 है।

*(d)* कार्बन और सिलिकॉन दोनों आयनिक यौगिक बनाते हैं।

**105.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (रंग का घटक) | सूची–II (उदाहरण) |
|---|---|
| A. वर्णक (Pigment) | 1. ज़िंक ऑक्साइड |
| B. आयतनवर्धी (Extender) | 2. चीनी मिट्टी |
| C. तनुकारक (Thinner) | 3. नैफ्थेनेट |
| D. शुष्कक (Drier) | 4. तारपीन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 4 | 2 | 3 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(d)* | 3 | 4 | 2 | 1 |

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत है/हैं?

1. जीवाश्म ईंधन
2. जैव ईंधन
3. यूरेनियम
4. जल-विद्युत्

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 2

*(b)* 3 और 4

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 4

**107.** ईंधनों की ऑक्टेन संख्या और सीटेन संख्या के आलोक में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गैसोलीन के लिए सीटेन संख्या का प्रयोग किया जाता है और डीजल के लिए ऑक्टेन संख्या का प्रयोग किया जाता है।
2. $n$-हेक्साडेकेन ($n$-hexadecane) की ऑक्टेन संख्या 100 है और आइसोऑक्टेन (isooctane) की सीटेन संख्या 100 है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**103.** With reference to fossil fuels, consider the following statements :

1. Coal is the most abundant fossil fuel and has high specific energy and energy density.
2. The action of heat and pressure changes plant matter in stages from anthracite to bituminous to lignite coal.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**104.** Which one of the following statements is correct?

(a) The number of electrons in alpha (α) particle is 2.
(b) The coordination number of EDTA is 6.
(c) The charge of beta (β) particle is +2.
(d) Both carbon and silicon form ionic compounds.

**105.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Constituent of Paint)* | *List–II (Example)* |
|---|---|
| A. Pigment | 1. Zinc oxide |
| B. Extender | 2. China clay |
| C. Thinner | 3. Naphthenate |
| D. Drier | 4. Turpentine |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**106.** Which of the following is/are renewable source(s) of energy?

1. Fossil fuel
2. Biofuel
3. Uranium
4. Hydropower

Select the correct answer using the code given below.

(a) 2 only
(b) 3 and 4
(c) 1 and 3
(d) 2 and 4

**107.** Consider the following statements in the light of octane number and cetane number of fuels :

1. Cetane number is used for gasoline and octane number is used for diesel.
2. Octane number of *n*-hexadecane is 100 and cetane number of isooctane is 100.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**108.** पेट्रोलियम आसवन (distillation) से प्राप्त उत्पादों और उनके उपयोग के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

1. पेट्रोलियम ईथर : विलायक (solvent) के रूप में प्रयुक्त होता है
2. पेट्रोलियम जेली : धातुओं पर लेपन के लिए प्रयुक्त होती है
3. पेट्रोलियम मोम (wax) : रबड़ विलायक के रूप में प्रयुक्त होता है
4. श्वेत स्पिरिट : मोमबत्तियाँ बनाने के लिए प्रयुक्त होता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* 1 और 2

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* केवल 3 और 4

**109.** निम्नलिखित में से किस प्रक्रम (process) का उपयोग हाइड्रोजन गैस के उत्पादन के लिए **नहीं** किया जाता है?

*(a)* विद्युत्-अपघटनी (electrolytic) प्रक्रम

*(b)* भाप-अंगार गैस-वाष्प प्रक्रम (water gas-steam process)

*(c)* कोयला गैस का द्रावण (liquefaction)

*(d)* कैल्सियम कार्बाइड का जल-अपघटन (hydrolysis)

**110.** $Cl_2O_7$, $Cl_2O$, $ClO_3^-$ और $ClO_2^-$ में, क्रमशः क्लोराइड आयन की सही ऑक्सीकरण संख्याएँ निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?

*(a)* +7, +2, +4, +3

*(b)* +2, –1, –3, +4

*(c)* +7, +1, +3, –3

*(d)* +7, +1, +5, +3

**111.** अंतर्जलीय वस्तुओं का पता लगाने के लिए ध्वनि नैविगेशन और रेंजिंग (SONAR) का प्रयोग किया जाता है। इसके लिए, इसका ट्रांसमीटर क्या उत्पन्न करता है?

*(a)* सूक्ष्मतरंगें (microwaves)

*(b)* दृश्य प्रकाश (visible light)

*(c)* पराश्रव्य तरंगें (ultrasonic waves)

*(d)* अवरक्त विकिरण (infrared radiation)

**112.** तीन प्रतिरोधक $R_1$, $R_2$ और $R_3$ के किस संयोजन का कुल प्रतिरोध न्यूनतम है? (मान लीजिए $R_1 = 1\,\Omega$, $R_2 = 2\,\Omega$ और $R_3 = 3\,\Omega$ है)

*(a)* जब सभी समांतर क्रम में जुड़ते हैं

*(b)* जब सभी श्रेणी क्रम में जुड़ते हैं

*(c)* जब $R_1$ और $R_2$ समांतर क्रम में जुड़ते हैं और $R_3$ उनके श्रेणी क्रम में होता है

*(d)* जब $R_1$ और $R_3$ समांतर क्रम में जुड़ते हैं और $R_2$ उनके श्रेणी क्रम में होता है

**113.** यदि स्वर्ण का आपेक्षिक घनत्व 19·3 है और जल का घनत्व $10^6\ g/m^3$ है, तो SI मात्रक (unit) में स्वर्ण का घनत्व क्या होगा?

*(a)* $1930\ kg/m^3$

*(b)* $19300\ kg/m^3$

*(c)* $193000\ kg/m^3$

*(d)* $1{\cdot}93 \times 10^6\ kg/m^3$

**108.** Which of the following pairs of products obtained from petroleum distillation and their uses are correctly matched?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Petroleum ether | : Used as solvent |
| 2. | Petroleum jelly | : Used to make coating of metals |
| 3. | Petroleum wax | : Used as rubber solvent |
| 4. | White spirit | : Used for making candles |

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 1 and 2

*(c)* 2, 3 and 4

*(d)* 3 and 4 only

**109.** Which one of the following processes is ***not*** used for the production of hydrogen gas?

*(a)* Electrolytic process

*(b)* Water gas-steam process

*(c)* Liquefaction of coal gas

*(d)* Hydrolysis of calcium carbide

**110.** Which among the following are, respectively the correct oxidation numbers of chloride ion in $Cl_2O_7$, $Cl_2O$, $ClO_3^-$ and $ClO_2^-$?

*(a)* +7, +2, +4, +3

*(b)* +2, –1, –3, +4

*(c)* +7, +1, +3, –3

*(d)* +7, +1, +5, +3

**111.** Sound Navigation and Ranging (SONAR) is used to detect underwater objects. For this, its transmitter produces

*(a)* microwaves

*(b)* visible light

*(c)* ultrasonic waves

*(d)* infrared radiation

**112.** Which combination of three resistors $R_1$, $R_2$ and $R_3$ has minimum total resistance? (Consider $R_1 = 1\,\Omega$, $R_2 = 2\,\Omega$ and $R_3 = 3\,\Omega$)

*(a)* When all are connected in parallel

*(b)* When all are connected in series

*(c)* When $R_1$ and $R_2$ are connected in parallel and $R_3$ is in series of them

*(d)* When $R_1$ and $R_3$ are connected in parallel and $R_2$ is in series of them

**113.** If the relative density of gold is 19·3 and the density of water is $10^6$ g/m$^3$, what will be the density of gold in SI units?

*(a)* 1930 kg/m$^3$

*(b)* 19300 kg/m$^3$

*(c)* 193000 kg/m$^3$

*(d)* $1 \cdot 93 \times 10^6$ kg/m$^3$

**114.** दो कार $A$ और $B$ की गति के लिए, 10 s की समयावधि का वेग (m/s)-समय (s) ग्राफ अंकित किया जाता है, जब ये कारें प्रारंभ में विश्रामावस्था में होती हैं और ये अंतिम वेग क्रमशः $V_A$ और $V_B$ प्राप्त करती हैं। ग्राफ की संबंधित सीधी रेखाएँ $x$-अक्ष (समय) के साथ क्रमशः 30° और 60° के कोण बनाती हैं। वेग $V_B$ और $V_A$ में क्या अंतर है?

*(a)* $20/\sqrt{3}$ m/s

*(b)* $2/\sqrt{3}$ m/s

*(c)* 3 m/s

*(d)* 1 m/s

**115.** एकसमान विद्युत्-धारा वहन करने वाली संकीर्ण परिनालिका (solenoid) किसका उत्पादन करती है?

*(a)* परिनालिका के भीतर एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र

*(b)* परिनालिका के बाहर एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र

*(c)* सभी क्षेत्रों में सीधी क्षेत्र रेखाओं वाले चुम्बकीय क्षेत्र

*(d)* दोलायमान प्रकृति वाले चुम्बकीय क्षेत्र

**116.** एकसमान वृत्तीय गति में गतिशील किसी कण (त्रिज्या $R$ एवं कोणीय वेग $\omega$) के लिए त्वरण के परिमाण (magnitude) और दिशा क्रमशः क्या हैं?

*(a)* $\omega R$, त्रिज्या की दिशा में बाहर की ओर

*(b)* $\omega R$, वृत्त के केन्द्र की ओर

*(c)* $\omega^2 R$, वृत्त के केन्द्र की ओर

*(d)* $\omega^3 R$, रैखिक वेग की दिशा में

**117.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* किसी तंत्र की कुल यांत्रिक ऊर्जा तभी संरक्षित होती है, जब उस पर क्रियाशील बल संरक्षी होते हैं।

*(b)* किसी तंत्र की कुल यांत्रिक ऊर्जा तभी संरक्षित होती है, जब उस पर क्रियाशील बल असंरक्षी होते हैं।

*(c)* किसी तंत्र की कुल यांत्रिक ऊर्जा नियत रहती है।

*(d)* यात्रिकी में पाए जाने वाले प्रत्येक बल की संबद्ध सुपरिभाषित स्थितिज ऊर्जा होती है।

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सा, हुक के नियम (Hooke's law) का सामान्यतः पालन **नहीं** करता है?

*(a)* काँच

*(b)* स्फटिक (quartz)

*(c)* मृत्तिका (clay)

*(d)* ताँबा

**119.** कार्नो इंजन से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. यह अनुत्क्रमणीय इंजन है, जो दो तापमानों $T_1$ (स्रोत) और $T_2$ (सिंक) के बीच प्रचालित होता है।
2. इसकी दक्षता $\eta = 1 - T_2/T_1$ द्वारा दी गई है, जहाँ $T_1$ स्रोत का तापमान है और $T_2$ सिंक का तापमान है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**114.** Velocity (m/s)-time (s) graph is plotted for the motion of two cars $A$ and $B$ for 10 s, when the cars are initially at rest and acquire final velocities as $V_A$ and $V_B$, respectively. The respective straight lines of the graph make angles 30° and 60°, respectively with the $x$-axis (time). The difference in velocities $V_B$ and $V_A$ is

*(a)* $20/\sqrt{3}$ m/s

*(b)* $2/\sqrt{3}$ m/s

*(c)* 3 m/s

*(d)* 1 m/s

**115.** A uniform current-carrying narrow solenoid produces

*(a)* uniform magnetic field inside the solenoid

*(b)* uniform magnetic field outside the solenoid

*(c)* magnetic field with straight field lines in all the regions

*(d)* magnetic field with oscillating nature

**116.** For a particle in uniform circular motion (radius $R$ and angular velocity $\omega$), the magnitude and direction of acceleration, respectively are

*(a)* $\omega R$, along the radius outward

*(b)* $\omega R$, towards the centre of the circle

*(c)* $\omega^2 R$, towards the centre of the circle

*(d)* $\omega^3 R$, along the linear velocity

**117.** Which one among the following statements is correct?

*(a)* The total mechanical energy of a system is conserved if the forces, doing work on it, are conservative.

*(b)* The total mechanical energy of a system is conserved if the forces, doing work on it, are non-conservative.

*(c)* The total mechanical energy of a system remains constant.

*(d)* Every force encountered in mechanics does have an associated well-defined potential energy.

**118.** Which one of the following does ***not*** generally obey Hooke's law?

*(a)* Glass

*(b)* Quartz

*(c)* Clay

*(d)* Copper

**119.** Which of the following statements regarding Carnot engine is/are correct?

1. It is an irreversible engine operating between two temperatures $T_1$ (source) and $T_2$ (sink).
2. Its efficiency is given by $\eta = 1 - T_2/T_1$, where $T_1$ is the temperature of source and $T_2$ is the temperature of sink.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**120.** दाब $P$, आयतन $V$ और परम ताप $T$ के बीच संबंध दर्शाने वाले आदर्श गैस समीकरण $PV = \mu RT$ में मात्रा $\mu$ क्या है?

(a) मोलों की संख्या

(b) अणुओं की संख्या

(c) विशिष्ट ऊष्मा अनुपात

(d) घर्षण गुणांक

**121.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) असेम्बलर किसी असेम्बली लैंग्वेज प्रोग्राम को मशीन लैंग्वेज प्रोग्राम में अनूदित करता है।

(b) कम्पाइलर एक प्रोग्राम है, जो हाई-लेवल लैंग्वेज को मशीन लैंग्वेज में अनूदित करता है।

(c) असेम्बली लेवल प्रोग्राम, मशीन लैंग्वेज अनुदेशों का एक क्रम है।

(d) रीड-ओनली स्टोरेज डिवाइसों में स्टोर किए गए सॉफ्टवेयर के लिए 'फर्मवेयर' शब्द प्रयुक्त किया जाता है।

**122.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेषण माध्यम (ट्रांसमिशन मीडियम) सूचना के सुदूर प्रेषण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) ट्विस्टेड पेअर (twisted pair)

(b) ऑप्टिकल फाइबर

(c) थिक (thick) ईथरनेट

(d) थिन (thin) ईथरनेट

**123.** निम्नलिखित में से किस डिवाइस का प्रयोग डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों तथा विलोमतः बदलने के लिए किया जाता है?

(a) राऊटर

(b) स्विच

(c) ब्रिज

(d) मॉडेम

**124.** संख्या 12 और 10 का द्वि-आधारी गुणन (binary multiplication) क्या होगा?

(a) 1111000

(b) 1110001

(c) 1111001

(d) 1111010

**125.** माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में कितने टेक्स्ट एलाइनमेंट (text alignment) हैं?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**120.** In the ideal gas equation $PV = \mu RT$, relating pressure $P$, volume $V$ and absolute temperature $T$, the quantity $\mu$ is

*(a)* number of moles

*(b)* number of molecules

*(c)* specific heat ratio

*(d)* coefficient of friction

**121.** Which one among the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Assembler translates an assembly language program into a machine language program.

*(b)* Compiler is a program that translates high-level language into machine language.

*(c)* Assembly level program is a sequence of machine language instructions.

*(d)* The term 'firmware' is used for the software stored in read-only storage devices.

**122.** Which one among the following transmission media is best suited for transmission of information over large distance?

*(a)* Twisted pair

*(b)* Optical fibre

*(c)* Thick Ethernet

*(d)* Thin Ethernet

**123.** Which one among the following devices is used for converting digital signals into analog signals and vice versa?

*(a)* Router

*(b)* Switch

*(c)* Bridge

*(d)* Modem

**124.** The binary multiplication of the numbers 12 and 10 will be

*(a)* 1111000

*(b)* 1110001

*(c)* 1111001

*(d)* 1111010

**125.** How many text alignments are there in Microsoft Word?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

## SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : TARP–A–GAT** **Test Booklet Series**

**A**

**Serial No.** 1152369

# TEST BOOKLET

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 250**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **125** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है।